जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 27.12.2013

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
**(सं. 2013/503)**

## <u>बीकानेर–नान्देड–बीकानेर (01 ट्रिप) स्पेशल रेल सेवा का संचालन</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा नववर्ष के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात के दबाव को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु **बीकानेर–नान्देड–बीकानेर स्पेशल एक्सप्रेस स्पेशल रेल सेवा का संचालन** किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार के अनुसार गाडी संख्या 07037, नान्देड–बीकानेर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **<u>दिनांक 30.12.13 को</u>** (01 ट्रिप) नान्देड से 08.00 बजे रवाना होकर दिनांक 31.12.13 को 23.45 बजे बीकानेर पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07038 बीकानेर–नान्देड स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **<u>दिनांक 01.01.14 को</u>** (01 ट्रिप) बीकानेर से 22.40 बजे रवाना होकर दिनांक 03.01.14 को 12.45 बजे नान्देड पहुॅचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में पूर्णा, परभनी, सेलू, पारतूर, जालना, औरंगाबाद, मनमाड, जलगांव, अमालनेर, नदूंरबार, सूरत, वडोदरा, आंनद, नदियाड, अहमदाबाद, पालनपुर, आबूरोड, सिरोही रोड, फालना, रानी, मारवाड जंक्शन, पाली मारवाड, लूनी, जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, नागौर एवं नोखा स्टेशनों पर ठहराव करेंगी।

इस गाडी में 01 थर्ड एसी, 06 द्वितीय शयनयान, 06 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 15 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**